समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# शाहरुख खान की तरह सलमान खान ने भी खरीदी क्रिकेट टीम ! जाने कितने करोड़ मे मिली फ्रेंचाइजी ?

Publisher
Published on 25 Jun 2025



## बॉलीवुड के भाई जान यानी सलमान खान अब क्रिकेट टीम के मालिक बन गए है I वहीं शाहरुख खान पहले से ही आईपीएल की कोलकाता नाइट राइडर्स टीम के मालिक है I

**नई दिल्ली : बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान** अब सिर्फ बड़े पर्दे तक ही सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि वह क्रिकेट के मैदान में भी अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे। शाहरुख खान की तरह सलमान खान भी अब एक क्रिकेट टीम के मालिक बन गए हैं। हालांकि, जहां **शाहरुख खान इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) मे कोलकाता नाइट राइडर्स के मालिक** हैं, वहीं **सलमान खान ISPL यानी इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग मे नई दिल्ली फ्रेंचाइजी** के मालिक बने हैं।

### ISPL मे सलमान खान की एंट्री

**ISPL** के दूसरे सीजन में शामिल हुई नई दिल्ली की टीम को सलमान खान ने खरीदा है। ISPL का पहला सीजन बेहद सफल रहा था और दूसरे सीजन ने टीवी पर **2.8 करोड़** से ज्यादा दर्शकों तक पहुंच बनाई। इस दौरान लीग की लोकप्रियता में **47 प्रतिशत** की बढ़ोतरी हुई।

अब सलमान खान के शामिल होने से न केवल नई दिल्ली की टीम को मजबूती मिलेगी, बल्कि पूरे टूर्नामेंट को भी स्टार पावर और नई पहचान मिलेगी।

ये सितारे भी हैं टीम मालिक

**ISPL मे संलमान खान से पहले भी कई बड़े सितारे टीमों के मालिक बन चुके है:**

१. **अमिताभ बच्चन :** माझी मुंबई
२. **सैफ अली खान और करीना कपूर खान :** टाइगर्स ऑफ कोलकाता
३. **अक्षय कुमार :** श्रीनगर के वीर
४. **सूर्या:** चेन्नई सिंहम्स
५. **ऋतिक रोशन :** बैंगलोर स्ट्राइकर्स
६. **राम चरण :** फाल्कन राइजर्स हैदराबाद

### सलमान खान ने क्या कहा ?

टीम के मालिक बनने पर सलमान खान ने कहा:

"क्रिकेट हर भारतीय गली की धड़कन है, और जब वही ऊर्जा स्टेडियम तक पहुंचती है, तो ISPL जैसी लीग जन्म लेती है। मैं हमेशा से इस खेल को लेकर जुनूनी रहा हूं और ISPL से जुड़कर बेहद खुशी हो रही है। यह लीग जमीनी स्तर के क्रिकेट को बढ़ावा देती है और प्रतिभावान खिलाड़ियों को मंच देती है। यह तो बस शुरुआत है।"

### क्या है ISPL?

ISPL यानी **इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग** एक इनडोर **टेनिस बॉल क्रिकेट लीग** है, जिसमें **स्ट्रीट क्रिकेट को प्रोफेशनल मंच** पर लाया गया है। यह लीग भारत के अलग-अलग शहरों की टीमों के बीच खेली जाती है और इसमें आम खिलाड़ियों को भी मौका मिलता है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.